# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक ली

**झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति तथा प्रशासनिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ग्रेडिंग मंथ के अंतर्गत शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसूति सहायता एवं जननी सहायता योजनांतर्गत प्राथमिकता के आधार पर भुगतान कराते हुए शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण तथा शिविर आयोजित कर प्रकरणों के समाधान के निर्देश भी दिए। बैठक में जैविक कृषि को लेकर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि विभाग को निर्देशित किया कि जिले में जैविक खेती अपनाने वाले कृषकों हेतु सर्टिफिकेशन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी वाली एडवाइजरी जारी की जाए। साथ ही केवीके में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया समझाने एवं जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की समीक्षा में बताया गया कि 17 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक 11,230 पशुपालकों से गृह भेंट कर पोर्टल पर प्रविष्टि की गई है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग अंतर्गत ई-केवाईसी के कारण होल्ड हुई 4,066 पेंशनों में से 4,044 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। नगर परिषद राणापुर में 21 एवं थांदला में 1 प्रकरण शेष होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कार्य की सराहना करते हुए शेष 22 प्रकरण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## छात्रवृत्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

उर्वरक वितरण हेतु प्रारंभ की जा रही ई-विकास प्रणाली के संबंध में कृषकों को फॉर्मर रजिस्ट्री डाटा से जोड़ने हेतु शिविर आयोजित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छात्रवृत्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने त्रुटिपूर्ण बैंक खातों में सुधार एवं एनपीसीआई प्रक्रिया के लिए स्कूल स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके। नगरीय क्षेत्रों में गीता भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान नगर परिषद थांदला एवं राणापुर में भूमि चिन्हांकन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तीनों चरणों के अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा कर संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत शेष 208 प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा स॥श्व क्ष्ह्ङ्ग पोर्टल के संबंध में कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विभिन्न विभागों के निलंबन एवं लंबित विभागीय जांच प्रकरणों, भूमि आवंटन, भू-अर्जन एवं मुआवजा, कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट प्रकरण, समग्र ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति तथा सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति प्रणाली की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश बड़ोले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. एस. बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

## तीर्थस्थलों की यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को दी विदाई



**इंदौर**. अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन की मेजबानी में रविवार को नेहरु पार्क स्थित रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म 1 पर इंदौर एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1100 श्रद्धालुओं को वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, अरविन्द बागड़ी एवं संतोष गोयल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चार्टर्ड ट्रेन से रामेश्वरम-राम सेतु, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग एवं तिरुपति बालाजी की यात्रा के लिए बिदाई दी. फाउंडेशन के प्रमुख संजय बांकड़ा एवं किशोर गोयल ने बताया कि इंदौर से रविवार को प्रस्थित हुई इस ट्रेन में 12 थर्ड एसी, 2 फर्स्ट एसी एवं 4 स्लीपर कोच सहित 18 डिब्बे रहेंगे. यात्रा को बिदाई के अवसर पर अरविन्द वेल्युअर, राजेश मित्तल, रीतेश बारदान, सचिन पलसीकर, रीतेश राजवंशी, विकास जिंदल एवं भावेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के बंधु उपस्थित थे जिन्होंने यात्रा पर जा रहे बंधुओं का स्वागत किया. यात्रा में मनोज अन्नपूर्णा, नितिन अग्रवाल, मनीष जिंदल, रत्नेश गोयल, राजेंद्र समाधान, सचिन दरबार एवं अजय मंगल को प्रभारी मनोनीत किया गया है. यात्रा के दौरान सभी तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा विद्वान आचार्यों के निर्देशन में विभिन्न अनुष्ठानों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सद्भाव के लिए प्रार्थना की जाएगी. सभी श्रद्धालु 12 जनवरी को इंदौर लौटेंगे।

## भारतीय नारी का सच्चा आभूषण उसकी मर्यादा



**इंदौर**. हमारी संस्कृति में नारी को पहले जगह दी गई है। राम के पहले सीता, कृष्ण के पहले राधा, शंकर के पहले गौरी का नाम लिया जाता है। भारतीय नारी का सच्चा आभूषण उसकी मर्यादा है. हमारा समाज मर्यादा की लक्ष्मण रेखा से जुड़ा है. पश्चिम में मर्यादा नाम की कोई व्यवस्था नहीं होने से घर-परिवार टूटते-बिखरते देर नहीं लगती, लेकिन भारत भूमि की विशेषता यह है कि यहां रिश्ते सात जन्मों के लिए बनते हैं, सात दिनों के लिए नहीं. बर्फानी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में चल रही रामकथा में शनिवार को प्रख्यात मानस मर्मज्ञ पं. मनोज भार्गव ने राम सीता विवाह प्रसंग की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. कथा के दौरान प्रभु श्रीराम जानकी विवाह का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. आयोजन समिति की ओर से तुलसीराम रघुवंशी एवं संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी, पार्षद सुनीता-संतोष चोखंडे, राजू तिवारी, राजेश सोलंकी, सिद्धार्थ सिंह सिसोदिया, सारांश रघुवंशी, अरुण शर्मा, गुंजन गंगवाल, रजत शाक्य, पं. कुणाल शर्मा, ज्ञान प्रकाश यादव, बंटी सिंह ठाकुर आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया। संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी के अनुसार कथा में 5 जनवरी को श्रीराम वन गमन एवं केवट संवाद होगा.

## हिंदू सम्मेलन के कार्यालय का शुभारंभ



**इंदौर.** 11 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से मल्हारगंज तेली बाखल स्थित नारनोली अग्रवाल धर्मशाला पर आयोजित किए जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन में बच्चों के लिए देश के महापुरुषों के वेश में फैंसी ड्रेस स्पर्धा, अन्य सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ ही सामाजिक समरसता भोज का आयोजन भी होगा. इसके लिए मल्हारगंज स्थित मधौपुरिया समाज धर्मशाला पर कार्यालय का शुभारम्भ अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चैतन्यस्वरुप के सानिध्य में आरएसएस के कार्यवाह राकेश राठौर, राजेश झांझरिया, नगर संघ चालक देवकीनंदन शर्मा एवं देवेन्द्र शर्मा ने भारत माता के चित्र पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया. शुभारंभ अवसर पर कैलाश भावसार, उमंग वर्मा, हरिओम जनागल, मिलन गहलोत, राजपाल जोशी, शिवराज नीमा एवं अश्विन कसेरा सहित बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे. संचालन विजय अग्रवाल ने किया. आभार माना नीरज मंगल ने.

## स्कोडा ऑटो ने 2025 को बेहतर साल बताया

**मुंबई.** स्कोडा ऑटो ने 2025 को अपनी भारत यात्रा में अब तक का सबसे अहम साल बताया. इसने देश में अपनी 25वीं सालगिरह को अपनी अब तक की सबसे मज़बूत सेल्स परफ़ॉर्मेंस के साथ मनाया. ब्रैंड ने 2025 को 72,665 कारों की बिक्री के साथ खत्म किया, जो 2024 में बेची गई 35,166 यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 107ज्की बढ़ोतरी है. यह शानदार परफॉर्मेंस 2025 को स्कोडा ऑटो इंडिया का अब तक का सबसे शानदार साल बनाती है, जो प्रोडक्ट्स, मार्केट्स और कस्टमर टचपॉइंट्स में हुई तेज़ी को दिखाती है. इस खास साल पर कमेंट करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा साल 2025 हमारे लिए हमेशा खास रहेगा. यह भारत में हमारी 25वीं सालगिरह है, और हमने यह साल अब तक के सबसे बेहतर और अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ देखा है, और अब हम नेटवर्क और मार्केट में अपनी सबसे बड़ी मौजूदगी के मामले में सबसे आगे हैं. इस सबने, हमारे ग्राहकों के भरोसे और प्यार के साथ मिलकर, इसे भारत में अब तक का हमारा सबसे शानदार साल बनाया है.




## वर्तमान हालातों में देश के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र भी हितकारी : साध्वी अनादि

**इंदौर**,. तिरुपति नगर-लालाराम क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 11 जनवरी को होगा। अजमेर से आई साध्वी अनादि सरस्वती ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हिंदू सम्मेलन के लिए कार्यालय का शुभारंभ लालाराम नगर में किया.

उन्होंने कहा कि वर्तमान हालातों में शास्त्र और शस्त्र, दोनों ही राष्ट्र के लिए हितकारी हैं. इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन के संयोजक अरविन्द नागपाल ने समाज के सभी वर्गों से संगठित होकर काम करने का आग्रह किया. प्रारंभ में श्रीमती माधुरी नागपाल ने साध्वी जी का स्वागत किया. सह संयोजक बृजेश अग्रवाल राजू ने 11 जनवरी को होने वाले सम्मेलन की रुपरेखा बताई तथा क्षेत्र के सभी लोगों से शामिल होने का आग्रह किया. कार्यक्रम का संचालन संघ के विभाग अधिकारी एवं सह संयोजक सत्यनारायण मंगल ने किया. कार्यक्रम में जिला संघ चालक जयंत मूले एवं क्षेत्र की मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी, जिन्होंने 11 जनवरी के हिंदू सम्मेलन में लालाराम नगर, सेवा सरदार नगर, पद्मावती कॉलोनी, तिरुपति कॉलोनी, गीता नगर, बख्तावर राम नगर एवं नवरत्न बाग सहित आसपास की सभी बस्तियों के लोगों से हिंदू सम्मेलन को सार्थक बनाने का आग्रह किया.



## ग्राम खरडू बड़ी में पेयजल गुणवत्ता एवं रोग रोकथाम पर जल जागरूकता

**झाबुआ, । कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में जिले में जल जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मार्गदर्शन आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग झाबुआ द्वारा विकासखंड रामा के ग्राम खरडू बड़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं खरडू बड़ी पंचायत की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दूषित पेयजल से होने वाली जल-जनित बीमारियों, उनकी रोकथाम तथा शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही एफटीके (स्न्ञ्जय) किट के माध्यम से पेयजल स्रोतों का जल परीक्षण कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शुद्ध पेयजल का नियमित उपयोग करने एवं जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

उक्त जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला सलाहकार श्री धूलिया बामनिया एवं विकासखंड समन्वयक सुश्री अंकिता पाठक द्वारा किया गया।

## खंडवा बड़ौदा स्टेट मार्ग पर होगा चौड़ीकरण, पोल शिफ्ट का कार्य जल्द शुरू होगा

**आलीराजपुर। शहर की प्रमुख मार्ग खंडवा बडौदा स्टेट मार्ग में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जल्द ही पोल शिफ्ट कर मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर नीतू माथुर ने दी।**



कलेक्टर माथुर ने बताया कि शहर के मध्य इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए पोल शिफ्ट कर सड़क चौड़ीकरण की योजना पूर्व में बनाई गई थी , वरिष्?ठ कार्यालय से प्राप्त स्वीकृति एवं बजट के बाद इस योजना को अब मूलरूप दिया जाएगा । जल्द ही नियमानुसार कार्यवाही कर कार्य प्रारंभ कर मुख?यालय पर लोगो को आवगमन में राहत मिलेगी ।

सहायक प्रबंधक एमपीआरडीसी श्री प्रदीप चौहान ने बताया कि पूर्व में इस योजना के कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया ,वरिष्ठ कार्यालय से मांग अनुसार स?वीकृति प्राप?त हो चुकी है बजट आवंटन होने के पश्चात पोल शिफ्ट और सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होने से खंडवा बडौदा स्टेट मार्ग पर यातायात सुचारु होगा और आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## नए निगमायुक्त सिंघल के सामने हैं कई चुनौतियां

- सबसे बड़ी समस्या नर्मदा जल में गंदा पानी मिलने की
- जनप्रतिनिधियों से कैसे बैठेगा समन्वय?

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नगर निगम के नए आयुक्त ने कल देर रात पदभार ग्रहण कर लिया. नए निगम आयुक्त के सामने कई चुनौतियां है और सबसे पहले भागीरथपुरा में हालत पर काबू पाना है. उससे बड़ी चुनौती जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करना है.

कल रात 12 बजे क्षितिज सिंघल ने निगम आयुक्त का कार्यभार ग्रहण कर लिया. नगर निगम में पिछले तीन सालों में चार कमिश्नर बदल गए. इसका सबसे बड़ा कारण जनप्रतिनिधियों और निगम कमिश्नर के साथ खींचतान चलती रही. पार्षद और महापौर की शहर के समस्याओं, विकास कार्यों के टेंडर के साथ काम की प्राथमिकता तय नहीं होना सबसे बड़ा कारण रहा है.



इससे बड़ा कारण अपने चहेते अधिकारियों को विभाग का कार्यभार देना है. कई विभागों का दायित्व होने से किसी भी विभाग के काम समय पर नहीं हो रहे थे. फिर चाहे नर्मदा, ड्रेनेज, सड़क, बिजली, लीज, जन कार्य टेंडर की फाइल हो या अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की फाइल हो, सब टेबलों पर धूल खाती है. अधिकारी भी जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता को समझ नहीं पा रहे थे. यही कारण है कि निगम आयुक्त रहे प्रतिभा पाल, हिमानी सिंह,शिवम वर्मा और दिलीप कुमार यादव और मंत्री, महापौर एवं पार्षदो के बीच अप्रत्यक्ष रुप से खींचतान हुई. इसमें सिर्फ शिवम वर्मा ही थोड़ा सामंजस्य स्थापित कर पाए थे और उनके कार्यकाल में अपर आयुक्त काम पर थोड़ा ध्यान देकर दायित्व निभा रहे थे.

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, लंदन में 150 करोड़ की संपत्ति अटैच

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर ने करोड़ों के बैंक घोटाले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लंदन में स्थित एक हाई वैल्यू संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच किया है. यह संपत्ति यूनाइटेड किंगडम के पॉश इलाके बकिंघम पैलेस के पास स्थित है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 150 करोड़ रुपए बताई जा रही है. कार्रवाई भारतीय बैंकों से लगभग 1400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में की गई है.




## क्रांति की मशाल प्रज्जवलित करने में अग्रणी थे स्व. ज्योति कानपुरी : सत्तन

**इंदौर**. क्रांति की मशाल अनवरत जलती रहे. इस लौ को प्रज्वलित करने में सबसे आगे थे साहित्य कार स्व.सुरेशचंद्र ज्योति कानपुरी.

उक्त विचार क्रांतिकारी विचार मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्टीय कवि सत्यनारायण सत्तन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये. उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कवि ज्योति कानपुरी साहित्य के प्रति पूर्णत समर्पित थे. वे धारा प्रवाह बोलते थे. उनके साथ मैंने कई मंचो पर काव्य पाठ किया. कानपुरी की कविताएँ राष्ट भक्ति और देशप्रेम से लबरेज रहती थी. प्रस्तावना डॉ. सुरेखा भारती ने रखी। वर्ष 2025 का ज्योति कलश सम्मान साहित्यकार डॉ. अमृता अवस्थी को प्रदान किया गया. संस्था द्वारा पहली बार रचनाकार शीला चंदन की प्रथम काव्य कृति निर्मल नाद का विमोचन किया गया. मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल ने कहा कि विज्ञान हृदय बदल सकता है, लेकिन हृदय के भावों को परिवर्तन करने की शक्ति उसमें नहीं है. यह महत् कार्य सिर्फ साहित्य कर सकता है. विशेष अतिथि अंजली भोयर ने कहा कि संस्था द्वारा साहित्यिक कार्यक्रम होते रहने से नए साहित्यकारों को ऊर्जा मिलती है. प्रवीण जोशी ने बताया कि ज्योति कलश ई पत्रिका के प्रकाशन के लिए निलेश शेखावत और वैभवी भामरे का भी सत्कार किया गया. अभिनंदन पत्र का वाचन कवि रामचंद्र अवस्थी ने किया. अतिथि परिचय सुनील कुमार मुसाफिर ने दिया. कार्यक्रम श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में संपन्न हुआ. संचालन डॉ.सुरेखा भारती ने किया. आभार माना अशोक दिवेदी ने.

एक नजर में — एक दिवसीय वेदांग वार्ता का कार्यक्रम आयोजित

## ज्योतिषी का कार्य सही परामर्श देना, दक्षिणा के आधार पर तय न हो

**इंदौर. नक्षत्र कुटी के तत्वाधान में एक दिवसीय वेदांग वार्ता का कार्यकम प्रेस क्लब में किया गया.**

ज्योतिषाचार्य डॉ. गिरीश व्यास ने कहा कि ज्योतिष के साथ वेदांग की भी आवश्यकता है. ज्योतिष में आज के समय में काफी भ्रम फैलाया जा रहा है. इसके शमन के लिए यह कार्यक्रम किया गया. हमारा उद्देश्य सही ज्योतिष के जरिए लोगों का मार्गदर्शन करना है. ज्योतिष की मदद से आप पता कर सकते हैं कि आपके जीवन में आए ग्रहों और गोचर का एजेंडा क्या है. यदि आप उस समय के अनुसार ढलते हैं, तो लाभ प्राप्त करते हैं. आयोजन के संरक्षक पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि ज्योतिष ग्रहों के प्रभाव को नहीं बदलती, अपितु वह आपको संबंल बनाकर उसे प्रभावों को कुछ हद तक कम कर सकती है. विनायक पाण्डेय, विभागाध्यक्ष इंदौर शा.संस्कृत महाविद्यालय ने कहा कि ज्योतिषी का काम सही परामर्श देना है. वह दक्षिणा के आधार पर तय नहीं होना चाहिए. संयोजक गोपाल बैरागी ने संचालन के साथ ज्योतिष के विविध आयामों पर जोर दिया. कार्यक्रम में अध्यक्ष पं सुनील भार्गव समन्वयक डॉ अभिषेक पांडेय,आचार्य गोपाल बैरागी, मितेश मालवीय, डॉ. तुलसीदास परौहा, डॉ. उपेन्द्र भार्गव, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ संकल्प मिश्र, डॉ. पूजा उपाध्याय, उज्जैन से डॉ प्रदीप पंड्या, डॉ संतोष भार्गव, दिनेश गुरुजी, महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज, महामंडलेश्वर डॉ राजकुमार अग्रवाल, सहित देशभर के 150 से अधिक ज्योतिषाचार्य और विशेषज्ञ शामिल हुए.




### सूर्य और चंद्रमा का हमारे जीवन में पड़ता है सबसे ज्यादा प्रभाव

कार्यक्रम में महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति महामहोपाध्याय डॉ मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि शनि, राहु-केतु बिना वजह ही बदनाम हैं . सबसे ज्यादा प्रभाव हमारे जीवन में सूर्य और चंद्रमा का पड़ता है . चंद्रमा मन का कारक है और सूर्य आत्मा का . जब मन और आत्मा मजबूत होती है, तो व्यक्ति सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है . इसलिए सूर्य की आराधना पर जोर देना चाहिए . पं रामचन्द्र शर्मा वैदिक ने बताया कि तिथि की मतभिन्नता पर काम करने की आवश्यकता है और हमें एक होकर तिथि निर्णय पर काम करना चाहिए . ज्योतिषी मनीष शर्मा ने कहा कि ज्योतिष का वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर प्रयोग करते हुए आज के उपाय बताने चाहिए . शकुन का विचार इसमें आपकी मदद करेगा .